राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने बिहटा वायुसेना केन्द्र द्वारा एयरपोर्ट मैदान में आयोजित 'सारंग हेलीकॉप्टर एयर शो' का अवलोकन किया

पटना, 18 नवम्बर 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज बिहटा वायुसेना केन्द्र द्वारा 'बिहटा एयरपोर्ट मैदान' में 'सारंग हेलीकॉप्टर एयर शो' का अवलोकन किया।

राज्यपाल श्री चौहान ने 'सारंग हेलीकॉप्टर एयर शो' के आकर्षक एवं रोमांचक एयर शो का आनंद लेने के बाद कहा कि भारतीय वायुसेना ने बराबर युद्ध एवं अन्य आपदाओं के समय भी देश को कठिन दौर से उबारकर इसकी गरिमा और प्रतिष्ठा बढ़ायी है। श्री चौहान ने 'एयर शो' के दौरान एयर शो टीम में शामिल सभी 'स्क्वार्डन लीडर्स' के रोमांचक कलाबाजियों एवं साहसिक प्रदर्शन की भरपूर प्रशंसा की। उन्होंने सैन्य अधिकारियों से कहा कि देश को अपनी वायुसेना पर गर्व है। उन्होंने युवाओं को वायुसेना की सेवा के प्रति प्रेरित करने तथा आम जनता को भी वायुसेना के रोमांचक करतब से अवगत कराने के उद्देश्य से किए जानेवाले 'एयर शो' के आयोजन की भूरि–भूरि प्रशंसा की तथा इसके भव्य आयोजन के लिए 'सारंग एयर टीम' के सभी स्क्वार्डन लीडरों' एवं विंग कमांडरों तथा बिहटा वायुसेना केन्द्र के सभी अधिकारियों की प्रशंसा की।

भारत में बने तीन रंगीन सारंग हेलीकॉप्टरों ने आज बिहटा एयरफोर्स एयरपोर्ट के खुले आसमान में अपनी गगनभेदी आवाज के बीच आमजनता, युवाओं, सैनिकों और स्कूली बच्चों की दर्शक–दीर्घा के ऊपर से गुजरते हुए आधे घंटे से भी अधिक समय तक अपने–रोमांचक करतब का प्रदर्शन किया। 'सारंग हेलीकॉप्टर एयर शो' के तीन हेलीकॉप्टरों के प्रदर्शन में ग्रुप कैप्टन सचिन आनंद गोदरे (सी०ओ०), विंग कमांडर आशीष मोघे, विंग कमांडर एस०के० मिश्रा, स्क्वार्डन लीडर स्नेहा, स्क्वार्डन लीडर रवीश एवं स्क्वार्डन लीडर कार्तिक आदि शामिल हुए।

'एयर शो' प्रदर्शन स्थल पर महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान का स्वागत स्टेशन कमांडर ग्रुप कैप्टन चन्द्रशेखर मोनिष, चीफ ऑपरेशन ऑफिसर ग्रुप कैप्टन ए०के० झा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ग्रुप कैप्टन एस०के० मिश्रा, चीफ इंजीनियरिंग ऑफिसर विंग कमांडर वी०पी० सिंह एवं बिहटा एयरफोर्स केन्द्र के अन्य वरीय अधिकारियों ने किया।

....